>**Title:** Request to increase the retirement age of SC & ST category people by five years.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :अध्यक्ष महोदय, सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए जनरल कैंडिडेट्स की आयु सीमा 25 वर्ष है और शेडयूल्ड कास्ट्स और शेडयूल्ड ट्राइब्स के लिए 30 साल है। मेरा आग्रह है कि इसे देखते हुए उनकी रिटायरमैंट एज में पांच साल की बढ़ोत्तरी होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि श्री महाजन जी हाउस में बैठे हुये हैं, सरकार को इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। डा. रघुवंश प्रसाद सिंह जी ने मामला उठाया है, मैं उसका भी समर्थन करता हूं। कुली को चतुर्थ श्रेणी का दर्जा मिलना ही चाहिये और कुली सिनेमा में श्री अमिताभ द्वारा कुली का रोल करने के बाद भी अगर इन लोगों को न्याय नही मिलता है तो अच्छी बात नहीं है। इसलिये इन लोगो को न्याय मिलना चाहिये।